समाचार–प्रकाशनार्थ :–

स्वच्छता की परिकल्पना को दीवारों पर उकेरा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की थीम पर आयोजित हुई वॉल पेंटिग प्रतियोगिता

वॉल पेंटिग प्रतियोगिता में निगम आयुक्त श्री झारिया ने लिखा स्वच्छता स्लोगन

विजेता प्रतिभागी नगद राशि व प्रशस्ती पत्र से हुए सम्मानित

रतलाम 28 मार्च । स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार कॉलेज रोड पर आयोजित वॉल पेंटिग प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी तुलिकाओं व कलर से शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय की बाउण्डोवॉल पर स्वच्छता थीम पर एक से बढ़कर एक पेंटिग बनाकर नगर के नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया वहीं निगम आयुक्त श्री झारिया ने भी वॉल पेंटिग पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के स्लोगन को लिखा।

आयोजित प्रतियोगिता हेतु नगर निगम द्वारा कॉलेज रोड स्थित शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल, पेंटिंग हेतु कलर, ब्रश आदि पेंटिग हेतु उपलब्ध कराकर अपरान्ह 3 बजे प्रतियोगिता प्रारंभ करवाई जिसम जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा पेंटिग बनाना प्रारंभ की।

सांय 6 बजे निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व महापौर परिषद सदस्य श्री गोविन्द काकानो, निर्णायक प्राचार्य उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्री सुभाष कुमावत, आशीष चौरसिया, शिक्षिका स्नेहलता भदौरिया ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पंटिग का अवलोकन किया।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बनाई गई पेंटिग को दखकर लग रहा है कि बच्चे अपने शहर को स्वच्छ बनाने की परिकल्पना को साकार कर रहे है, पेंटिग को देखने से लगता है कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति अत्याधिक जागरूकता है ऐसी जागरूकता नगर के प्रत्येक नागरिक म हो तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई नहीं रोक सकता।

प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय श्री सुभाष कुमावत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि रतलाम नगर निगम नगर को स्वच्छ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है किन्तु प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है कि वे भी इस कार्य में अपनी सहभागिता निभायें।

पूर्व महापौर परिषद सदस्य श्री गोविन्द काकानो ने इस अवसर पर कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहीं स्वस्थता होती है इसलिये हमें स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करना होगा।

वॉल पेंटिग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अनुजा दीक्षित समूह प्रथम, झलक यादव द्वितीय, अश्विन सोलोमन तृतीय व प्रोत्साहन पुरस्कार दीक्षा नांदेचा, सीनियर वर्ग में प्रथम मिनाक्षी टांक, द्वितीय लखन सांकला, तृतीय मनमीतसिंह चौहान व प्रोत्साहन पुरस्कार मारिया मनासी ने प्राप्त किया जिन्हे 3100, 2100, 1100 व 501 की नगद राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री सर्वश्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, सफाई मित्र समूह के संचालक श्री अनिल पांचाल सहित प्रतियोगी शामिल थे।